'वन्दे कृष्णं जगतगुरुं' और 'माधव दर्शनम्' ने रचा भक्ति और सौंदर्य का उत्सव

भारत भवन में शुरू हुआ तीन दिवसीय भावानुभाव समारोह

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारत भवन के अंतरंग मंच पर शुक्रवार से आरंभ हुए तीन दिवसीय नृत्य समारोह 'भावानुभाव' के पहले दिन भक्ति, सौंदर्य और आध्यात्मिक अनुभूति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

शास्त्रीय नृत्य की दो प्रतिष्ठित शैलियों कथक और भरतनाट्यम के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के विविध रूपों, लीलाओं और दार्शनिक स्वरूप को मंच पर जीवंत किया गया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भक्ति रस और सौंदर्य चेतना के दुर्लभ संसार में पहुंचा दिया। समारोह की शुरुआत प्रसिद्ध कथक कलाकार करण गंगानी और उनके साथी कलाकारों की

प्रस्तुति 'वन्दे कृष्णं जगतगुरुं' से हुई। प्रस्तुति का आरंभ संत सूरदास द्वारा रचित पद 'नाचत सुधंग श्री नंद नंदन' से हुआ, जिसमें बालकृष्ण की चंचलता और अलौकिक आकर्षण को कथक की पारंपरिक शैली में अभिव्यक्त किया गया। इसके बाद तीनताल में शुद्ध कथक की मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों को लय, ताल और नृत्य की बारीकियों से परिचित कराया।

माता यशोदा और बालकृष्ण के स्नेहपूर्ण संबंधों का प्रदर्शन

इसके पश्चात भरतनाट्यम नृत्यांगना श्वेता देवेंद्र और पद्मरंग नृत्य अकादमी की 30 प्रतिभाशाली नृत्यांगनाओं ने नृत्य-नाटिका 'माधव दर्शनम्' प्रस्तुत की। यह प्रस्तुति भगवान श्रीकृष्ण के बाल एवं किशोर जीवन की विविध लीलाओं की भावपूर्ण यात्रा थी। नृत्य-नाटिका का शुभारंभ 'यशोदा हरि पालने झुलावे' से हुआ, जिसमें वात्सल्य रस की अनुपम अभिव्यक्ति देखने को मिली। माता यशोदा और बालकृष्ण के स्नेहपूर्ण संबंधों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद कृष्ण की बाल लीलाएं, गोपियों के साथ उनके चंचल प्रसंग और माखन चोरी की घटनाओं को नृत्य के माध्यम से जीवंत किया गया।

नृत्य-नाटिका का समापन महारास के दिव्य दृश्य के साथ हुआ। राधा-कृष्ण और गोपियों के प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक एकत्व को दर्शाती यह प्रस्तुति दर्शकों को अलौकिक अनुभूति से भर गई। मंच पर रंग, संगीत, अभिनय और नृत्य का ऐसा समन्वय देखने को मिला जिसने पूरे सभागार को कृष्णमय बना दिया।

वृद्ध मित्र शिविर में 80 बुजुर्गों की आधार केवाईसी समस्याओं का हुआ समाधान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के दमखेड़ा ए सेक्टर में सोसाइटी ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ओरिएंटेड ऑपरेशनल लिंक्स (स्कूल) द्वारा संचालित 'वृद्ध मित्र' कार्यक्रम के तहत आधार कार्ड अपडेट एवं केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया।

आधार सेवा केंद्र के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों को उनके समुदाय में ही आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना था।

शिविर में कुल 80 बुजुर्गों ने आधार अपडेट, केवाईसी और दस्तावेज संबंधी समस्याओं का पंजीकरण कराया। कई बुजुर्ग आधार संबंधी त्रुटियों और केवाईसी लंबित होने के कारण पेंशन, राशन तथा अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित थे। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों और आवागमन में कठिनाई के चलते उनके लिए आधार केंद्र तक पहुंचना भी मुश्किल था।

'वृद्ध मित्र' कार्यक्रम वर्ष 2021 से संचालित किया जा रहा है और वर्तमान में भोपाल सहित देश की 9 लोकेशनों पर सेवाएं दे रहा है। यह मॉडल 'एजिंग इन प्लेस' की अवधारणा पर आधारित है, जिसके तहत बुजुर्गों को उनके घर और समुदाय में स्वास्थ्य, सामाजिक और भावनात्मक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में डॉ. राहुल सिंह, डॉ. मुदिता सूर्यवंशी, हरीश गोहदिया, अंजना गड़वाल सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सदर मंजिल में सजी विरासत और पर्यावरण चेतना की फैशन वॉक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सदर मंजिल हेरिटेज होटल में आयोजित 'दिव्यफल हेरिटेज फैशन वॉक' ने विरासत, संस्कृति, सौंदर्य और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। फैशन डिजाइनर अल्पा रावल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड निकिता पोरवाल शोस्टॉपर रहीं। उनकी आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब ध्यान खींचा।

कार्यक्रम में 16 से 58 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने भाग लेकर पारंपरिक और आधुनिक परिधानों का प्रदर्शन किया। रैम्प पर साड़ियों के नए ड्रेपिंग स्टाइल, इंडो-वेस्टर्न परिधान और समकालीन फैशन की झलक देखने को मिली। अल्पा रावल ने मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट साड़ियों को नए अंदाज में प्रस्तुत किया। इन परिधानों में चिकनकारी, मिरर वर्क, शिफॉन और विभिन्न टेक्सटाइल कलाओं का समावेश किया गया था। तीन चरणों में आयोजित फैशन वॉक के पहले दौर में बाग प्रिंट और फ्यूजन साड़ियों की प्रस्तुति हुई, जबकि दूसरे दौर में इंडो-वेस्टर्न और पार्टी वियर थीम ने आकर्षित किया। अंतिम चरण में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रमुखता से उभरा।

कार्यक्रम के मेंटर एवं विशिष्ट अतिथि हरिओम जटिया ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति, हस्तशिल्प और हस्तकरघा परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि फैशन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय कला को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

विश्व साइकिल दिवस पर भोपाल में निकलेगी साइकिल रैली

मंत्री विश्वास सारंग करेंगे शुभारंभ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) भोपाल द्वारा 7 जून को टी.टी. नगर स्टेडियम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। कार्यक्रम में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई), ग्वालियर के प्रभारी कुलपति डॉ. एम.के. सिंह विशिष्ट अतिथि तथा अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भाकुनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। आयोजन के तहत साई एनसीओई भोपाल के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता से साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली का उद्देश्य लोगों को साइकिलिंग के प्रति प्रेरित करना तथा इसे फिटनेस, सहनशक्ति और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली के प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित करना है।

साई अधिकारियों के अनुसार यह आयोजन खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं और आमजन को सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश भी देगा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुख-शांति भवन नीलबड़ केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण को समर्पित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नाट्य प्रस्तुति, रैली, वृक्षारोपण और संकल्प समारोह के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि देवास जिला न्यायाधीश अमित निगम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण, जल स्रोतों की स्वच्छता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। वरिष्ठ राजयोगिनी नीता दीदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत व्यक्ति के आंतरिक परिवर्तन और दैनिक आदतों से होती है। उन्होंने जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा 3क्र—रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल—अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में बच्चों ने सीता माता और लव-कुश पर आधारित नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से वृक्षों के महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। राजा भोज पार्क में विधायक भगवानदास सबनानी के साथ सामूहिक वृक्षारोपण भी किया गया। बीके आराधना दीदी ने सभी को पर्यावरण संरक्षण, जल बचत और स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

पूज्य सिंधी पंचायत के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी का जिम्मा चेलानी को

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सिंधी समाज की प्रतिनिधि संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के त्रिवार्षिक चुनाव जून महीने में होने जा रहे हैं। संस्था की साधारण सभा द्वारा इस बार चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी बसंत चेलानी को सौंपी गई है, जिन्हें आधिकारिक नियुक्ति पत्र दिया गया। पंचायत के वैध सदस्यों की अंतिम सूची 10 जून तक चुनाव अधिकारी को सौंप दी जाएगी। इस बार पंचायत में 10 के बजाय 12 पदों पर चुनाव होंगे, जिसमें एक सचिव और एक सहसचिव का पद बढ़ाया गया है। नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी, महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी व जगदीश आसवानी, सहसचिव जेठानंद मंगतानी, सहकोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, ऑडिटर हरीश मेहरंचदानी, धर्मेन्द्र मोटवानी और कन्हैयालाल मोटवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्टूडियो रे बाय किरन बतरा की टीम द्वारा वृक्षारोपण किया। संस्था की संचालिका किरण बतरा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने हिस्सा लिया । इस दौरान किरण ने बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए हर नागरिक को पौधारोपण में भागीदार बनने की अपील की।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल

क्रमांक-/ अ-12/ रा.नि./2026-27
भोपाल दिनांक 01/06/2026

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के अंतर्गत स.क्र., नाम,पता, ग्राह कर्ता के हस्ताक्षर नाम एवं मोबाईल नं. 01. श्री आफाक मोहम्मद आ. श्री रफीक मोहम्मद निवासी-म.न.-6, गली नंबर-02, शाँहजहानाबाद, कोयले वाली गली, भोपाल 02. श्री अतीक मोहम्मद आ. श्री रफीक मोहम्मद निवासी-म.न.-6, गली नंबर-02, शाँहजहानाबाद, कोयले वाली गली, भोपाल 03. सुश्री अतीया खाँन पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद पत्नी श्री युसूफ निवासी फखरूद्दीन मस्जिद के पास, पुराना पुतलीघर, जिला भोपाल 04. सुश्री शकीला खाँन पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद पत्नी श्री अयाज मोहम्मद निवासी-315, बाग मुफ्ती साहब, शाँहजहानाबाद, भोपाल (म.प्र.) 05. सुश्री रशीदा खाँन पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद निवासी- म.न.-6, गली नंबर-02, शाँहजहानाबाद, कोयले वाली गली भोपाल 06. सुश्री सादिका बी पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद निवासी म.न.-6, गली नंबर-02, शाँहजहानाबाद, कोयले वाली गली भोपाल 07 सम्मति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल द्वारा उपाध्यक्ष श्री भजनलाल आ. स्व. श्री आलमचंद निवासी-एच.एस.-1, नया बसेरा कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल म.प्र. 08 सुश्री रश्मि खडायत पुत्री श्री भूपेन्द्र सिंह निवासी-03, ई एम ई सेन्टर बैरागढ़ भोपाल 09 निशा खडायत पुत्री श्री भूपेन्द्र सिंह निवासी-03, ई एम ई सेन्टर बैरागढ़ भोपाल 10. मोहम्मद शकूर खाँ पुत्र श्री पीर खाँ निवासी-पी/23 टीला जमालपुरा, भोपाल 11. श्री असगर अली पुत्र श्री मोहम्मद शकूर खाँ निवासी-न्यू बी-52/53 बैरागढ़ भोपाल 12. श्रीमती सुशीला सिंह पत्नी श्री हर नारायण सिंह निवासी-1100 क्वाटर, अरेरा कॉलोनी, भोपाल 13.श्री शफीक मोहम्मद पुत्र श्री उस्मान मोहम्मद निवासी-टी वाई बैरागढ़ भोपाल (म.प्र.) 14. श्री शहजाद मोहम्मद पुत्र श्री उस्मान मोहम्मद निवासी कॉल डिपो शाहजहाँनाबाद भोपाल 15.सुश्री जरीना बेमग पुत्र अली खाँ निवासी-पी-23 टीला जमालपुरा भोपाल 16. श्री रंजीत सिंह पुत्र जी.एस. छोकर निवासी-1100 क्वाटर, अरेरा कॉलोनी, भोपाल 17. सुश्री मीना छोकर उर्फ मीनू छोकर पुत्री श्री जी.एस. छोकर निवासी-सी.टी.ओ. बैरागढ़ भोपाल 18. श्रीमती नीलम मनचंदा पत्नी श्री गिरीश मनचंदा निवासी-म.न. 44, ग्लोबस लालघाटी, भोपाल 19. श्री रमाकांत विजयवर्गीय पुरी श्री बाबूलाल वास्ते डिस्ट्रिवट इन्फ्रास्ट्रक्चर निवासी-अंशल अपार्टमेन्ट, श्यामला हिल्स भोपाल 20. कैलाश आसूदानी आ. स्व. श्री मेठा राम आसुदानी निवासी होटल शिखा पैलेस, सीहोर नाका के सामने मेन रोड भोपाल 21. श्रीमती मेघा पत्नि श्री सुरेश मनचंदा निवासी म.नं. 44 ग्लोबस लालघाटी, भोपाल 22.सर्व साधारण पक्षकार **विषयः**- म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को सनिर्मित करने हेतु। **संदर्भः**- न्या.तह.स.हि.राम नगर भोपाल के रा.प्र.क्र.-0047/अ-12/2026-27 दिनांक 01.06.2026 उपरोक्त विषयान्तर्गत संबंध में माननीय न्यायालय तहसीलदार, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल के पालन में आवेदकगण-01. श्री आफाक मोहम्मद आ. श्री रफीक मोहम्मद 02. श्री अतीक मोहम्मद आ. श्री रफीक मोहम्मद 03. सुश्री अतीया खाँन पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद पत्नी श्री युसूफ 04. सुश्री शकीला खाँन पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद पत्नी श्री अयाज मोहम्मद 05. सुश्री रशीदा खाँन पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद 06. सुश्री सादिका बी पुत्री स्व. रफीक मोहम्मद नगरीय क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-सिंगारचोली, भोपाल में स्थित खसरा नंबर 35/1/2/2/1 (5) 36, 102/35/1 रकबा 0.2260 हे. रा.नि.वृत्त-संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को सनिर्मित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रदान किये गये है। अतः उक्त आदेश के पालन में मेरे द्वारा दिनांक 09/06/2026 को समय दोपहर 12 बजे से सीमांकन तथा चिन्हों के सनिर्मित करने की कार्यवाही किया जाना निश्चित किया गया है। आपका पड़ोसी कृषक/हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किय जाता है कि आप भी सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को सनिर्मित की कार्यवाही के समय भूमि स्वामित्व संबंधी मूल एवं छायाप्रति दोनों दस्तावेजों सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते है। जावेगी। आपकी अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को सनिर्मित की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
संत हिरदाराम नगर

534

जाहिर सूचना

ग्राम झापड़िया तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में।

मैं अपने पक्षकार के निर्देश अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेतागण श्री अरुण सिंह लिखित कर पिता श्री राम सुंदर सिंह लिखितकर एवं श्री संदीप पटेल पिता श्री स्वर्गीय श्री एस. एल. पटेल निवासी उपडौरा पोस्ट ऑफिस तमरादेश, तहसील जिला रीवा मध्य प्रदेश। विक्रय की जा रही भूमि ग्राम झापड़िया तहसील जिला भोपाल में स्थित है का विवरण खसरा नंबर 626/1/3 रकवा 0.121 एवं खसरा नंबर 634/3 रकवा 0.081योग दो किता भूमि कुल रकबा 0.202 हेक्टर राजस्व रिकार्ड में भूमि स्वामी नाम पर दर्ज है उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने हेतु टोकन बयाना राशि अदा कर दी गई है।

उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था बैंक /वित्तीय संस्था संस्था व अन्य किसी व्यक्ति सदस्य को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेज के साथ जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा समय अवधि उपरांत आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरा पक्षकार उक्त भूमि को क्रय अनुबंध या पंजीयन पत्र निष्पादित करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय आर.पी. मारण अधिवक्ता
फ्लैट नंबर ए.07 प्लॉट नंबर 361,362 उदयांचल नगर नियर अमरनाथ कॉलोनी कोलार रोड भोपाल मो. 8120313884, 8109385188

534

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी 1100 क्वार्टर्स, अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष क्रं. 0755-2445058, 0755-2445299 अकादमी मैस केटरिंग कार्य हेतु निविदा विज्ञपति

क्रमांका 4692/अका/छात्रावास/मैस/2026 **भोपाल, दिनांक 02/06/2026**

आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, 1100 क्वार्टर्स अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) स्थित अकादमी छात्रावास क्रमांक 01 एवं 02 व गेस्ट हाउस में मैस केटरिंग कार्य हेतु GeM Portal आगामी दो वर्ष 2026-2028 की अवधि के लिये निविदा प्रस्ताव https://gem.gov.in/ पर Bid Number: GeM/2026/B/7591233 के द्वारा दिनांक 22/06/2026 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा की समस्त शर्तों एवं अन्य विस्तृत विवरण GeM Portal पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर GeM Portal की वेबसाइट पर ही जारी किया जाएगा।

मैस केटरिंग कार्य हेतु निविदा प्रपत्र केवल अवलोकन हेतु अकादमी की वेबसाईट www.academy.mp.gov.in पर भी उपलब्ध कराया गया है।

कृते/-
संचालक
आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन
अकादमी मध्यप्रदेश, भोपाल

प्रभारी अधिकारी (छात्रा./मैस)
आर.सी.वी.पी.नरोन्हा प्रशासन
अकादमी मध्यप्रदेश, भोपाल

जी-13956/26

कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल जोन क्र.-08 यांत्रिकी विभाग

क्रमांक 22/यां.वि./2026 **भोपाल दिनांक 05/06/2026**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https:// www.mptenders.gov.in पर है।

S. No.	निविदा क्रं.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (राशि रू.लाख में)	निविदा क्रय करने का अंतिम	
1	2026_UAD_513083_1	PROVIDING AND FIXING OF PAVING BLOCK FOR PATHWAYJHULE AND OTHER DEVELOPEMENT WORK OF PARK NEAR HANUMAN MANDIR AT WINDSOR PATEL COLONY w30 z08 2025205350	857509/-	22.06.2026	5.30 PM

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. Amendments to NIT, if any, would be publish websit https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.

Assistant Engineer
Municipal Corporation Bhopal

नि. क्र. 278/026/027

MADHYA PRADESH JAL NIGAM

(A Govt of Madhya Pradesh Undertaking)
8, Arera Hills, Bhopal - 462004, Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in
CIN-U41000MP2012SGC028798

NIT No. 03/Proc./MPJNM/2026-27 **Bhopal, Date : 29.05.2026**

NOTICE INVITING E-TENDER

Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal invites Online percentage rate bids for the following work are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling the registration/eligibility criteria, specified in the tender document through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

NIT No.	Name of Work	Probable Amount of Contract (INR)	Cost of Tender Form (INR)	EMD (INR)	Time Duration
03	Annual Maintenance Contract (AMC) of Air Conditioners	4,95,900	2,000	10,000	1 Year

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal **from 05.06.2026, 17:30 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.

M.P. Government E-Procurement Portal **https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/126217/2026

MANAGING DIRECTOR

कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

संशोधित समय सारणी
ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)

बी.फार्मेसी/डी. फार्मेसी एवं फार्म-डी
पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश
(शासकीय, मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन) एवं निजी संस्थान)

प्रथम चरण	
गतिविधियां	**दिनांक/समय**
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त	29.05.2026 से 16.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी)	17.07.2026 से 18.07.2026 सायं 5:30 बजे तक
संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी)	01.07.2026 से 20.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता।	21.07.2026
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश)	24.07.2026 से 30.07.2026 सायं 6:30 बजे तक
द्वितीय चरण	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त	26.07.2026 से 02.08.2026 रात्रि 11:45 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी)	03.08.2026 से 04.08.2026 सायं 5:30 बजे तक
संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी)	27.07.2026 से 06.08.2026 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता।	07.08.2026
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश)	10.08.2026 से 17.08.2026 सायं 6:30 बजे तक
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	**प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय**
19.08.2026 से 23.08.2026	24.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
25.08.2026 से 29.08.2026	30.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक
उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये	
10.09.2026 से 15.09.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा	15.09.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुउपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

प्रवेश निरस्त

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क:- 0755-6720205, 2660441 ईमेल:- dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/126233/2026

अतिरिक्त संचालक, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश